सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक – सा० 1482 /2021 दिनाङ्क 15 दिसम्बर, 2021

कार्यालय-ज्ञाप

स्पीड पोस्ट

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
लखनऊ—226027

संख्या : ई /32—जी0एस0 / 2021.
दिनांकः दिसम्बर, 2021.

प्रेषक,

श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषयः— रक्तदान शिविरों के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक इस सचिवालय के पत्र संख्या—ई—6294 / जी0एस0, दिनांक 20 सितम्बर, 2021, जो उत्तर प्रदेश राज्य के विश्वविद्यालयों / संस्थानों तथा उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों के माध्यम से रक्तदान शिविरों के आयोजन के सम्बन्ध में है, का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

कोरोना काल के बाद अब सभी विश्वविद्यालय / संस्थान तथा सम्बद्ध महाविद्यालय वापस संचालित होने आरम्भ हो गये हैं। सर्वविदित है कि प्रदेश में समय—समय पर विभिन्न समूहों के रक्त की आवश्यकता विभिन्न मरीजों को पड़ती रहती है, जैसे कि कोरोना काल की विषम परिस्थितियों में पड़ी थी। इसके लिए आवश्यक है कि प्रदेश में संचालित विभिन्न पंजीकृत ब्लड बैंकों में विभिन्न श्रेणी / समूहों का रक्त संचय कर सुरक्षित करना सुनिश्चित किया जाये।

मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा समय—समय पर विश्वविद्यालयों / संस्थानों की रिव्यू मीटिंग्स के दौरान रक्तदान शिविरों का आयोजन करने हेतु निदेशित किया जाता रहा है।

उक्त पृष्ठभूमि में सभी विश्वविद्यालय / संस्थान तथा उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में स्थानीय जिला प्रशासन एवं पंजीकृत ब्लड बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुए रक्तदान कार्यक्रमों का विशेष आयोजन अनवरत् चलता रहे, जिससे जनसामान्य एवं पीड़ित परिवारों को आपातकाल में विभिन्न श्रेणी / समूहों के रक्त की उपलब्धता बनी रहेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया इस सम्बन्ध में सकारात्मक विचार करते हुए विश्वविद्यालयों / संस्थानों तथा उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों में समय—समय पर रक्तदान शिविरों का विशेष आयोजन करने हेतु कैलेण्डर जारी करना सुनिश्चित करें ताकि तद्नुसार रक्तदान कार्यक्रमों का विशेष आयोजन अनवरत् चलता रहे। साथ ही आयोजित रक्तदान कार्यक्रमों की सूचना भी अनवरत् इस सचिवालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(महेश कुमार गुप्ता)
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव।

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. कुलपति के सचिव को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3. पुस्तकाध्यक्ष।
4. छात्रकल्याण संकायाध्यक्ष।
5. निदेशक- प्रकाशन/निदेशक- अनुसंधान संस्थान।
6. समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना को इस आशय से कि विश्वविद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
7. समस्त प्राचार्यगण, सम्बद्ध महाविद्यालय को इस आशय से कि अपने महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन कर पंजिकृत ब्लड बैंकों में रक्त संचय सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।
8. प्रभारी, सम्पत्ति विभाग।
9. परीक्षा नियंत्रक।
10. समस्त उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव।
11. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को उनके लॉगिन आई.डी. के माध्यम से उक्त सूचना प्रेषित करने का कष्ट करें। साथ ही विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उक्त कार्यालय-ज्ञाप अपलोड कराने का कष्ट करें।
12. आशुलिपिक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
13. समस्त अधीक्षकगण।
14. जनसम्पर्क अधिकारी।
15. समस्त विभागानुभाग।
16. समस्त सूचना पट्ट।
17. सम्बद्ध पत्रावली।

कुलसचिव